Title : Need to develop industries in Hamirpur, Bilaspur and Kangra districts of Himachal Pradesh for effective utilization and better marketing of bamboo sticks.

(iv) Need to develop industries in Hamirpur, Bilaspur

and Kangra districts of Himachal Pradesh for effective

utilization and better marketing of bamboo sticks

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.) : महोद्य, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान हिमाचल प्रदेश के अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर की ओर आकर्ति करते हुए निवेदन करना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश के जिला हमीरपुर, बिलासपुर और कांगड़ा में बांस बहुत अधिक मात्रा में पैदा होता है, लेकिन उसके उपयोग एवं िवपणन की ठीक व्यवस्था नहीं होने एवं उससे नए-नए डिजाइनों की आर्कक चीजें बनाने की कला उपलब्ध नहीं होने के कारण बांस उत्पादकों को उसका सही दाम नहीं मिल रहा है। इसलिए मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि वह हिमाचल प्रदेश में पूर्वोत्तर राज्यों की तर्ज पर बांस पर आधारित उद्योगों को विकसित करे, उससे नए-नए डिजाइनों के घरेलू उपयोग के सामान बनाने एवं उसके बहुआयामी प्रयोग हेतु परियोजनाएं चलाए तथा हिमाचल प्रदेश के बांस उत्पादकों को आर्थिक सहायता प्रदान करे ताकि हिमाचल प्रदेश में बांस का व्यावसायिक उत्पादन हो, बांस के बने सामान को उत्तम बाजार उपलब्ध हो और उस पर आधारित कुटीर उद्योग पनपें।